https://www.upboardonline.com

अनुक्रमांक ....

नाम .... - ....

प्रश्न–पुस्तिका

तृतीय सेमेस्टर – 2016

PNP-BTC-(III)-2013 (V)

पंचम प्रश्न–पत्र

(सामाजिक अध्ययन)

समय : 2.00 घण्टा] [पूर्णांक : 50

निर्देश :

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं ।
2. इस प्रश्न पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. 'बाबरनामा' बाबर द्वारा लिखित एक – 1

(1) महाकाव्य है

(2) कविताओं का संकलन है

(3) आत्मकथा है

(4) धार्मिक पुस्तक है

2. कन्नौज के युद्ध में हुमायूँ पराजित हुआ, क्योंकि– 1

(1) शेरशाह की सेना अधिक शक्तिशाली थी

(2) हुमायूँ की सेना ने बगावत कर दी

(3) हुमायूँ की युद्ध करने की पद्धति अच्छी नहीं थी

(4) बरसात हो जाने के कारण युद्ध में तोपखाना व्यर्थ सिद्ध हुए

3. "मैंने एक मुट्ठी भर बाजरे के लिए हिन्दुस्तान का साम्राज्य लगभग खो दिया था।", यह शब्द शेरशाह ने कहे थे – 1

(1) हुमायूँ से चौसा युद्ध के बाद

(2) मालदेव से युद्ध करने के बाद

(3) रायसिंह की विजय के बाद

(4) कन्नौज का युद्ध जीतने के बाद

4. 'इबादतखाना' का निर्माण कराया था – 1

(1) अकबर ने

(2) औरंगजेब ने

(3) अलाउद्दीन खिलजी ने

(4) फिरोज तुगलक ने

5. मराठों का सर्वाधिक उत्थान – 1

(1) सम्भाजी के काल में हुआ

(2) शिवाजी के काल में हुआ

(3) साहूजी के काल में हुआ

(4) साहजी के काल में हुआ

[Turn Over

https://www.upboardonline.com

6. विलयनीति का सम्बन्ध है – 1
   (1) नाना साहब से
   (2) डलहौजी से
   (3) टीपू सुल्तान से
   (4) हैदर अली से

7. संसद से तात्पर्य है – 1
   (1) लोकसभा
   (2) राज्यसभा
   (3) लोकसभा, राज्यसभा तथा राष्ट्रपति
   (4) लोकसभा तथा राज्यसभा

8. भारत के राष्ट्रपति को कौनसा अधिकार नहीं है ? 1
   (1) संकटकालीन स्थिति की घोषणा करना
   (2) विदेशों में राजदूतों की नियुक्ति पदच्युति करना
   (3) संसद को भंग करना तथा नए चुनाव के लिए आदेश देना
   (4) लोकसभा के सदस्यों की नियुक्ति व पदच्युति करना

9. भारत का प्रथम नागरिक होता है – 1
   (1) राष्ट्रपति
   (2) उपराष्ट्रपति
   (3) प्रधानमंत्री
   (4) लोकसभा अध्यक्ष

10. सर्दियों में अण्टार्कटिका में अन्धेरा रहता है–1
   (1) छः घण्टे
   (2) बारह घण्टे
   (3) चौबीस घण्टे
   (4) अड़तालिस घण्टे

11. 'अबीर, गुलाल' में उड़ता हुआ हल्का रंगीन पदार्थ है – 1
   (1) गेरू
   (2) चाँदी
   (3) अभ्रक
   (4) बर्क

12. कर्नाटक के 'कैगा' में स्थित है – 1
   (1) विद्युत उत्पादन केन्द्र
   (2) परमाणु ऊर्जा उत्पादक केन्द्र
   (3) रेलवे इंजन उत्पादक केन्द्र
   (4) एल्युमिनियम उत्पादक केन्द्र

13. भारत में डाक–प्रणाली प्रारम्भ हुई थी – 1
   (1) सन् 1766 में
   (2) सन् 1866 में
   (3) सन् 1869 में
   (4) सन् 1957 में

14. इण्टरनेट पर प्रयोग किए जाने वाले 'www' का विस्तारित रूप है – 1
   (1) wide web windows
   (2) well will well
   (3) world wide web
   (4) world with whit

15. 'रैंच' कहते हैं – 1
   (1) पशुओं के बाड़ा को
   (2) मनुष्यों के घर को
   (3) जंगलों के पुंज को
   (4) पर्वतों की श्रेणी को

https://www.upboardonline.com

अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

16. भारत में 'मुगलवंश' की नींव किस शासक द्वारा डाली गई ? 1

17. चौसा का युद्ध किनके मध्य हुआ था ? 1

18. शेरशाह के बचपन का नाम क्या था ? 1

19. अकबर के कार्यकाल में 'आमिल' का क्या कार्य था ? 1

20. जहाँगीर द्वारा लिखी गई आत्मकथा का नाम क्या था ? 1

21. दीवान–ए–खास तथा दीवान–ए–आम किस शासक द्वारा बनवाए गए थे ? 1

22. निम्नलिखित में से धात्विक पदार्थों को छाँटकर लिखिए – 1
लोहा, गन्धक, अभ्रक, ताँबा, सोना, कोयला

23. भारतवर्ष में सबसे अधिक सोना किस स्थान पर पाया जाता है ? 1

24. 'बॉक्साइट' का एक उपयोग बताइए। 1

25. अणुशक्ति ऊर्जा संरक्षण केन्द्र की स्थापना कब की गई ? 1

26. शीतोष्ण प्रदेश में पाए जाने वाले दो पशुओं के नाम लिखिए। 1

27. अण्टार्कटिका की खोज में गए भारतीय दल में कुल कितने सदस्य थे ? 1

28. समवर्ती सूची में आने वाले चार विषयों के नाम बताइए। 1

29. भारत की तीनों सेनाओं का प्रधान कौन होता है ? 1

30. लोकसभा के सदस्यों का कार्यकाल कितने वर्ष का होता है ? 1

लघु उत्तरीय प्रश्न

31. पानीपत के युद्ध में बाबर की विजय के क्या कारण थे ? 2

32. अकबर ने धार्मिक सहिष्णुता बढ़ाने के लिए क्या–क्या किया ? 2

33. नूरजहाँ, मकबरा तथा कोहिनूर शब्दावलियों के शाब्दिक अर्थ स्पष्ट कीजिए। 2

34. शिवाजी के शासन–प्रबन्ध के विषय में लिखिए। 2

https://www.upboardonline.com

35. लोहा कितने प्रकार का होता है ? हमारे जीवन में धातुओं का उपयोग बताइए। 2

36. महाद्वीप किसे कहते हैं ? सभी महाद्वीपों के नाम लिखिए। 2

37. संचार का अर्थ स्पष्ट करते हुए संचार के विभिन्न साधनों की उपयोगिता बताइए। 2

38. बढ़ती हुई जनसंख्या से हम किस प्रकार प्रभावित होते हैं। स्पष्ट कीजिए। 2

39. निम्नलिखित के विषय में लिखिए – 2

(क) भारत के प्रथम राष्ट्रपति का नाम

(ख) भारत के प्रथम प्रधानमंत्री का नाम

(ग) भारत के कुल राज्यों की संख्या

(घ) उत्तर प्रदेश में कुल जनपदों की संख्या

40. सरकार पर जनता नियंत्रण कैसे रख सकती है ? बिन्दुवार अपनी राय दीजिए। 2

*****

https://www.upboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

https://www.upboardonline.com